

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT

CeNS

नैनो एवं मृदु पदार्थ विज्ञान केंद्र
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत संस्था
CENTRE FOR NANO AND SOFT MATTER SCIENCES
Autonomous Institute under the Dept. of Science and Technology, Govt. of India

नैनो एवं मृदु पदार्थ विज्ञान केन्द्र

बेंगलूरु

वार्षिक रिपोर्ट

2015 – 2016

शासी परिषद्

अध्यक्ष
भारत रत्न प्रोफेसर सी. एन. आर. राव, एफ.आर.एस.
राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसर एवं
मानद अध्यक्ष एवं
लैनस पौलिंग अनुसंधान प्रोफेसर,
जवाहरलाल उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र
जक्कूर
बेंगलूरु – 560 064

प्रो. आशुतोष शर्मा — **सदस्य**
सचिव, भारत सरकार
विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग
प्रौद्योगिकी भवन,
नई मेहरौली रोड़
नई दिल्ली – 110 016

श्री जे.बी.महापात्रा — **सदस्य**
संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग
प्रौद्योगिकी भवन
नई मेहरौली रोड़
नई दिल्ली – 110 016

प्रो. आर नरसिम्हा एफआरएस — **सदस्य**
डीएसटी विज्ञान-का-वर्ष प्रोफेसर
जवाहरलाल नेहरु उन्नत अनुसंधान केंद्र
जक्कूर
बेंगलूरु - 560 064

प्रो. एन.कुमार — **सदस्य**
एमिरेटिस प्रोफेसर
रामन अनुसंधान संस्थान
सदाशिवनगर
बेंगलूरु - 560 080

प्रो.ए.के.सूद, एफ.आर.एस. — **सदस्य**
प्रोफेसर
भौतिकी विभाग
भारतीय विज्ञान संस्थान
बेंगलूरु – 560 012

डॉ.ए.टी.कलघटगी — **सदस्य**
निदेशक (अनु व वि.)
भारत इलेक्ट्रानिक्स लि.
आउटर रिंग रोड़, नागवारा
बेंगलूरु - 560 045

प्रो. जी. यू.कुलकर्णी — **सदस्य सचिव**
निदेशक
नैनो तथा मृदु पदार्थ विज्ञान केंद्र
जालहल्ली
बेंगलूरु - 560 013

(प्रो.आशुतोष शर्मा के सचिव, डीएसटी के तौर पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद एक रिक्ति देखी गई है)

अनुसंधान सलाहकार बोर्ड

1.	प्रोफेसर डी.डी.शर्मा भारतीय विज्ञान संस्थान	अध्यक्ष
2.	प्रोफेसर वी.रामगोपाल राव निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान- दिल्ली	सदस्य
3.	प्रोफेसर एम.के.सन्याल साहा नाभिकीय भौतिकी संस्थान	सदस्य
4.	प्रोफेसर जार्ज के.थामस आई आई एस ई आर- तिरुवनंतपुरम	सदस्य
5.	प्रोफेसर अशोक के.गांगुली निदेशक, नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान	सदस्य
6.	श्री चंद्रशेखर बी.नायर प्रधान एवं संस्थापक निदेशक, बिगटेक लैब्स	सदस्य
7.	प्रोफेसर जी. यू.कुलकर्णी निदेशक, नैनो एवं मृदु पदार्थ अनुसंधान केंद्र	संयोजक

वित्त समिति

1.	निदेशक, सीईएनएस	अध्यक्ष
2.	वित्तीय सलाहकार, डीएसटी, नई दिल्ली	सदस्य
3.	प्रो.के.एस.नारायण,जेएनसीएएसआर	सदस्य
4.	प्रो.एस.बी.कृपानिधि, भा.वि.सं.	सदस्य
5.	प्रशासनिक अधिकारी, सीईएनएस	आमंत्रिती

विषय-सूची

			पृष्ठ सं.
	प्राक्कथन		
1.	प्रस्तावना	.....	1
2.	प्रमुख वित्त-पोषित परियोजना	.....	1
3.	आरक्षण	.....	2
4.	राजभाषा	.....	2-3
5.	अनुसंधान एवं विकास संबंधी कार्यकलाप	.....	3-25
6.	सम्मान एवं पुरस्कार	.....	25
7.	प्रकाशन	.....	25-31
8.	आवेदित / प्रदत्त पेटंट	.....	31-32
9.	प्रौद्योगिकी अंतरण/ उद्यमी क्रियाकलाप	.....	32
10.	नए शैक्षणिक कार्यक्रम/ विकसित सामग्रियाँ	.....	32
11.	सृजित नई शोध सुविधाएँ/ अर्जित प्रधान उपस्कर	.....	33-34
12.	मानव संसाधन विकास	.....	35
13.	आयोजित सम्मेलन/ परिसंवाद/ संगोष्ठियाँ / कार्यशालाएँ	.....	35
14.	आगंतुकों विज्ञानियों द्वारा परिसंवाद तथा संगोष्ठियाँ	.....	36-37
15.	संकाय द्वारा अन्य संस्थाओं के शैक्षणिक क्रियाकलापों में प्रदत्त सहायता	.....	38-39
16.	हस्तलिपियों की समकक्षों द्वारा समीक्षा	.....	39
17.	बाहरी शोध परियोजनाएँ	.....	40
18.	संकाय द्वारा भारत/विदेशी दौरे	.....	41-43
19.	सीईएनएस में संकाय संगोष्ठियाँ	.....	43-44
20.	आअटरीच कार्यक्रम	.....	44-48
21.	शोध छात्रों तथा डाक्टरोत्तर अध्येताओं के शैक्षणिक क्रियाकलाप	.....	48-51
22.	सीईएनएस में घटनाएँ	.....	51-55
23.	विज्ञानियों और अनुसंधानकर्ताओं की सूची	.....	56-57
24.	प्रशासनिक स्टाफ	.....	57-58
25.	लेखों का लेखा परीक्षित विवरण		59-71

प्राक्कथन

नैनो एवं मृदु पदार्थ विज्ञान केन्द्र (सीईएनएस) ने वर्तमान स्वरूप में अपने तृतीय वर्ष में पदार्पण किया है। मृदु पदार्थ सिद्धांतों से अंतर्गथित नैनोप्रौद्योगिकी में आंतरिक आविष्कारों का लक्ष्य परिस्थिति अनुगामी, श्रम-दक्षता संबंधी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी की ओर अग्रसर होना है। नैनोप्रौद्योगिकी के केंद्र बिंदु होने के कारण, अंतरविषयों से निसृत अनुसंधान में विविधता सहज होती है; नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में सीमा रहित संबंध स्थापित कर अंदर तक उतर सकता है। संक्षेप में, सीईएनएस नैनोप्रौद्योगिकी में आई पी उत्पादन एवं प्रौद्योगिकी प्राप्ति पर तीव्र जोर के साथ अनुसंधान एवं विकास की ओर मुक्त-विचार युक्त पहुँच स्थापित करता है। केंद्र ने ख्यात उद्योगों के साथ सहयोगात्मक क्रियाकलाप स्थापित किया है। आगामी वर्षों में वह नवीनतम ऊँचाइयों को प्राप्त करते हुए समाज की सेवा में निरत रहेगा।

स्कूली बच्चों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से, एक नवीन कार्यक्रम, विज्ञानी-विद्यार्थी विचार विनिमय (वी4), का प्रवर्तन किया गया है एवं पिछले एक वर्ष के दौरान कैम्पस के अंदर और बाहर अनेक वी4 सत्रों का आयोजन किया गया है। केंद्र ने विज्ञान अथवा इंजीनियरी में स्नातकोत्तर डिग्री के विद्यार्थियों के लाभार्थ एक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया है, जिसका नाम है रिसर्च आउटरीच इनिशिएटिव (आरओआई)। नैनोविज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोध कार्यक्रमों में, जिसकी परिणति पीएचडी में है, शनै: शनै: अधिक संख्या में विद्यार्थियों का नाम दर्ज हो रहा है।

प्रतिष्ठित विज्ञानी, प्रशासक तथा नीति निर्माता, विशेषतया भारत सरकार के नैनो नियोग द्वारा केंद्र को परामर्श प्रदान किया जा रहा है।

निदेशक

1. प्रस्तावना

नैनो एवं मृदु पदार्थ विज्ञान केंद्र (सीईएनएस) विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है एवं कर्नाटक की एक पंजीकृत वैज्ञानिक सोसाइटी है। डीएसटी केंद्र को नैनो तथा मृदु पदार्थ विज्ञानों में मौलिक तथा अनुप्रयुक्त शोध सम्पन्न करने के लिए सहायता अनुदान के तौर पर मूल समर्थन प्रदान करता है। सीईएनएस जालहल्ली, बेंगलूरु में स्थित है।

केंद्र सभी संगत व्याप्ति के पैमाने पर पदार्थ शोध में कार्यरत है। विशिष्टतया, वर्तमान क्रियाकलाप विविध धातु एवं अर्धचालक नैनो संरचनाएँ, तरल क्रिस्टल, जेल, झिल्लियाँ तथा संकर पदार्थों पर केंद्रित हैं। भारत तथा विदेश की अनेक संस्थाओं और उद्योग के साथ उसकी निकटस्थ परस्पर क्रियाएँ हैं। केंद्र जो पूर्व में तरल क्रिस्टल अनुसंधान केंद्र के नाम से जाना जाता था, की स्थापना प्रो.एस.चंद्रशेखर, एफ.आर.एस. द्वारा 1991 में की गई थी। यह 1995 में इलेक्ट्रानिकी विभाग, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान बना एवं 2003 में, डीएसटी के अधीन लाया गया। तदनंतर वर्ष 2010 में, उसका नाम मृदु पदार्थ अनुसंधान केंद्र में बदला गया। हाल ही में, केंद्र ने अनुसंधान क्रियाकलापों की व्याप्ति को और अधिक बढाया है ताकि नैनोविज्ञान और प्रौद्योगिकी को भी समाया जा सके, एवं अब यह नैनो एवं मृदु पदार्थ विज्ञान केंद्र (सीईएनएस) से जाना जाता है। उसका मार्गदर्शन भारत सरकार का नैनो नियोग करता है।

प्रसरित जिम्मेदारी के साथ, केंद्र ने विज्ञान की वैश्विक उत्कृष्टता की तलाश में काम करने तथा हमारे देश की प्रगति के लिए देशी प्रौद्योगिकी को पोषित करने की अपनी संकल्पना को दोहराया है।

2. मूल निधिप्राप्त परियोजना

जबकि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने प्रारम्भिक वर्षों में निधि उपलब्ध कराया, 2004 से केंद्र को डीएसटी से अनुदान प्राप्त हो रहा है। 12 वीं योजना दस्तावेज के अनुसार केंद्र द्वारा प्रस्तावित परिव्यय के वर्षवार ब्यौरे नीचे दिए गए हैं।

बारहवीं योजना दस्तावेज के मुताबिक प्रस्तावित परिव्यय (रुपए लाखों में)

2012-13	2013-14	2014-15	2015-16*	2016-17	कुल
1044.00 (विवि560.00)	1205.00 (विवि 540.00)	1393.00 (विवि 600.00)	1308.00 (विवि 460.00)	1610.00 (विवि 850.00)	6560.00 (विवि 3010.00)

* वर्ष 2015-16 के दौरान, डीएसटी द्वारा रु.800 लाखों के अनुदान का विमोचन किया गया।

3. आरक्षण

केंद्र भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी नियमों तथा आदेशों के मुताबिक आरक्षण और राजभाषा के संदर्भ में राष्ट्रीय नीति का अनुपालन करता है।

केंद्र में । अनु.जाति/अनु.जनजाति कर्मचारी ग्रुप सी के अंतर्गत कार्यरत है।

4. राजभाषा

4.1 हिन्दी दिवस

केंद्र ने 14 सितम्बर 2015 को हिन्दी दिवस मनाया। इस अवसर पर डॉ.सुलोचना एच.आई., सहायक प्रोफेसर (हिन्दी), के.एल.ई. कालेज, राजाजीनगर, बेंगलूरु ने "राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्व" पर भाषण दिया।

डॉ.सुलोचना एच.आई., सहायक प्रोफेसर (हिन्दी), के.एल.ई कॉलेज, राजाजीनगर, बेंगलूरु हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर व्याख्यान देते हुए।

4.2 हिन्दी कार्यशाला

केंद्र अपने स्टाफ के बीच प्रति माह के 15 को 'हिन्दी कार्यशाला' का आयोजन करता आ रहा है। साथ ही सीईएनएस में हिन्दी के प्रयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए, प्रतिदिन "आज का शब्द" के अंतर्गत एक वैज्ञानिक शब्द को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

5. शोध तथा विकासीय क्रियाकलाप

5.1 नई पीढी के पारदर्शी चालक

दृश्यत: पारदर्शी तथापि वैद्युतया चालक सामग्रियाँ अति विरल हैं। टिन डोपित इंडियम आक्साइड (ITO) प्रकाशिक इलेक्ट्रानिकी में पारम्परिक तौर पर प्रयुक्त सामग्री है, किंतु काफी महंगी है। वर्तमान आविष्कार की मदद से निर्मित पारदर्शी चालक, अदृश्य धातु मेश अनेक नवीन विशिष्टताओं के अलावा साध्य समाधानों को भी उपलब्ध कराते हैं।

टेम्पलेट पर आधारित महीन धातु मेशों को बृहत् क्षेत्र पर आम अध:स्तर (काँच अथवा पीईटी) पर उच्च श्रेणी की समानता के साथ निर्मित किया जाता है। परिणामी पारदर्शी चालक, i2Ms, 90% तक का चालकत्व एवं अति निम्न शीट प्रतिरोध (~ कुछ ओम प्रति वर्ग) दर्शाते हैं। अनुप्रयोग के आधार पर Sn, Cu, Ag तथा Au को मिलाकर व्यापक तौर पर विविध धातुएँ संभव हैं।

ITO को i2M से प्रतिस्थापित करते हुए अनेक प्रकाशइलेक्ट्रानिकी तथा प्रकाशवैद्युतीय युक्तियों का विन्यास किया गया है। इनमें शामिल हैं, टचस्क्रीन, डीफागिंग व डीफ्रांस्टिंग पैनल, कार्बनिक सौर सेल, तापक्रोमिक तथा वैद्युत क्रोमिक प्रदर्श व साथ ही उच्च तापमान पतली फिल्म तापक।

जाँचकर्ता: जी.यू.कुलकर्णी, के.डी.एम.राव, आशुतोष सिंह तथा इंद्रजित मंडल
सहकर्मी: रीतु गुप्ता, आईआईटी- जोधपुर; कृतिका,अंकुश, जवाहरलाल उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र, बेंगलूरु

5.2 मरोडित ग्रफीन स्टैक

वस्तुत: ग्रफीन के असाधारण गुणधर्म तब देखे जा सकते हैं, जब उसे किसी अध:स्तर प्रभाव से मुक्त निलंबित किया जाता है। इस कार्य में, एक नए प्रकार की बहुपरतीय ग्रफीन पद्धति को निर्मित किया गया है, जहाँ हर परत को टर्बोस्ट्रैटिकीय तौर पर वियुग्मित किया जाता है, जो निलम्बित ग्रफीन सदृश दीखता है, जबकि उसकी उच्च श्रेणी की 2डी क्रिस्टलीयता होती है।





चित्र 5.2.1: मरोडित ग्रफीन स्टैक जो झुर्रीदार नेटवर्क को दर्शा रहा है। रामन स्पेक्ट्रम भी दिखाया जा रहा है।

महत्वपूर्ण विशिष्टताएँ

- mm^2 क्षेत्रों पर ~ 100 nm की स्थूलता युक्त ग्रफीन स्टैक
- दोष मुक्त परत: रामन स्पेक्ट्रा में डी बैण्ड नहीं, स्पष्ट ईडी बिंदुएँ
- झुर्रियों का नेटवर्क
- 3 - 28 डिग्रियों की श्रेणी में मरोड कोण
- 2D/G गहनता अनुपात, 2 – 14
- सी-अक्ष प्रतिरोध ~ समतल प्रतिरोध की तुलना में तीन क्रम उच्चतर
- सही तौर पर वियुग्मित स्टैक ~ निलम्बित ग्रफीन

जाँचकर्ता: जी.यू.कुलकर्णी, सुनील वालिया तथा सुमन कुण्डु
सहकर्मी: चंद्रभास नारायण, उमेश मोगेरा, निखिता गुप्ता, जवाहरलाल उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र, बेंगलूरु

5.3 महानतम से महानतर: गैर-एफसीसी स्वर्ण क्रिस्टलाइट

नोबल धातुओं (उदा: Au,Ag,Pd तथा Pt) द्वारा अधिमानित क्युबिक जालीदार संरचना तापगतिकीय तौर पर अति स्थायी है। विदित है कि निम्नतर सममिति क्रिस्टल संरचनाएँ उच्च दाबों पर भी मुख-केंद्रित क्युबिक (एफसीसी) राशि के सापेक्ष स्थिरीकृत नहीं होतीं। अतएव इन धातुओं में संरचनात्मक रूपांतरण का प्रेक्षण मूलत: विचारोत्तेजक है तथा उनके अन्यथा उत्कृष्ट आचरण के सामंजस्य में प्राय: उपयोगी हो सकता है। इस दिशा में अद्यतन अन्वेषण नैनो क्रिस्टलों पर केंद्रित हैं, क्योंकि जब आमाप केवल कुछ नैनोमीटर हैं, तो लैटिस विरूपण के लिए आवश्यक

ऊर्जा सापेक्षतया निम्न है। क्रिस्टलाइट में संरचनात्मक रूपांतरण को बृहत् पैमाने पर जाल श्रांति को प्रवर्तित करते हुए उपलब्ध करना अपने आप में एक कठिनसाध्य कार्य है। इसे हमने वायु में धातु-कार्बनिक प्रीकर्सरों के थर्मोलिसिस युक्त एक सरल संश्लेषित पद्धति से धातु-कार्बनिक श्रांति के द्वारा प्रवर्तित नैनोनालीदार आकारिकी के स्थायीकरण के द्वारा Au के मामले में उपलब्ध किया है।





चित्र 5.3.1: AuAgToABr: Au^{3+} एवं Ag^{+} टोल्यीन में टेट्राआक्टिल अम्मोनियम ब्रोमाइड से स्थायीकृत

महत्वपूर्ण विशिष्टताएँ

- आकारिकी: पेंटा-मरोडित नोकों युक्त द्विपिरामिडल टेपरित तथा नालीदार क्रिस्टलाइट
- ~ 85% तक गैर-एफसीसी प्रावस्थाएँ (तनु-केंद्रित चतुष्कोणीय तथा तनु-केंद्रित आर्थोहोम्बिक यूनिट सेल)
- असामान्य स्थायित्व : 700 °C के आसपास ही परम्परागत एफसीसी में संरचनात्मक रूपांतरण
- असामान्य उच्च सूचकांक के नैनोखण्ड
- असाधारण उत्प्रेरक क्रियाकलाप
- आक्वा रीगिया तथा पारा में स्थायी

जाँचकर्ता: जी.यू.कुलकर्णी, एस.कार्तिकेय
सहकर्मी: जी.मेटटाला, सी.सौ, जवाहरलाल उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र, बेंगलूरु

5.4 नई क्रियाविधि के साथ दो क्रमों की मात्रा में तीव्रतर प्रकाशप्रतिदीप्ति स्विचन

प्रकाश प्रतिदीप्त (पीएल) प्रणाली जिसमें लघुअक्ष प्रतिदीप्त डोपेंट सहित दीर्घाक्ष नेमेटिक आतिथेय होता है, जिसका स्विचन दो-आवृत्ति योजना के प्रयोग से प्रकाशप्रतिदीप्ति के दो विषमदैशिक मानों के बीच त्वरित गतियों में

किया जा सकता है, को पेश किया गया है। प्रयुक्त अपूर्व क्रियाविधि, अपेक्षित उच्चतर विपर्यास को दर्शाते हुए, पताभिगमन की मानक पद्धति से दो-श्रेणी के क्रम में स्विचन करती है तथा श्रांति-मुक्त है। प्रयुक्त क्रियाविधि को सामान्यीकृत किया जा सकता है एवं अपेक्षित पीएल तरंग दैर्घ्य को पहुँचने के लिए विभिन्न फ्लूरोफोरों को अपनाती है।



संरचनात्मक डाटा से हम दर्शाते हैं कि जैसे ही सपाट अंश बढाया जाता है, नेमेटिक प्रावस्था में लघु अनुक्रम की व्याप्ति एवं प्रकृति मानक नेमेटिक से स्थानीय स्तम्भीय प्रकारवाले में बदलती है।

जाँचकर्ता: एस.कृष्ण प्रसाद, पी.लक्ष्मी माधुरी, डी.एस.शंकर राव, सी.वी.यलमग्गड
सहकर्मी: ए.एस.अचलकुमार, आई आई टी, गुवहाती

5.5 परिमिति के द्वारा प्रकाशप्रतिदीप्ति की वृद्धि

त्वरित प्रकाशप्रतिदीप्ति स्विचन प्रणालियों की हमारी तलाश में एक अतिरिक्त आयाम के तौर पर हमने एक सामग्री की जाँच की है, जिसका लक्ष्य अपेक्षित गुणधर्म युक्त स्व-समर्थित झिल्लियों को प्राप्त करना है। माध्यम में यादृच्छिक तौर पर प्रसरित ऐसे नैनोकणों के बीच हैड्रोजन-बंध संबंध के सृजन से इसे प्राप्त किया गया है। आतिथेय संरचना के प्राकृतिक दैर्घ्य माप पर आतिथेय अणुओं युक्त परिणामी भंगुर नेटवर्क ज्यामितीय प्रतिबंध लगाता है। आश्चर्यजनक विशिष्टता यह है कि फील्ड-आन (स्विच्ड) एवं फील्ड-आफ (गैर-स्विच्ड) दोनों स्थितियों में ज्यामितीय प्रतिबंध उच्चतर उत्सर्जन पेश करता है। संभव व्याख्या यह है कि हैड्रोजन-बंध गुणधर्म के कारण नैनोकण पद्धति को मृदु जेल भी बना देते हैं, जिस विशिष्टता के कारण माध्यम में तापीय उच्चावचन घटते हैं, तथा उत्सर्जन बढते हैं।



जाँचकर्ता: एस.कृष्ण प्रसाद, पी.लक्ष्मी माधुरी, डी.एस.शंकर राव, सी.वी.यलमग्गड
सहकर्मी: ए.एस.अचलकुमार, आई आई टी, गुवहाती

5.6 पालीमर-स्थिरीकृत बंकित-क्रोड नेमेटिक तरल क्रिस्टल में फ्रांक प्रत्यास्थ अचरों पर आभासी सतहों का असर

फ्रीडरिक्स्ज़ रूपांतरण की देहलीज वोल्टता, फ्रांक प्रत्यास्थ अचर, स्विचन गति तथा घूर्णी श्यानता पर पालीमर नेटवर्क के असर की जाँच पालीमर-स्थिरीकृत बंकित-क्रोड नेमेटिक तरल क्रिस्टल (पी एस बी एल सी) में भिन्न भिन्न पालीमर संकेंद्रणों में किया गया। ये पालीमर नेटवर्क परिमित स्थिरण ऊर्जा के साथ आभासी सतह रूपित करते हैं। ये अध्ययन नेमेटिक आतिथेय के तौर पर केलेमिटिक तरल क्रिस्टल के सादृश्य अध्ययनों की तुलना में अनेक अंतरों को पेश करते हैं। उदाहरणार्थ, पालीमर अंश को बदलने पर देहलीज वोल्टता प्रारम्भ में घटती है, किंतु एक क्रांतिक संकेंद्रण के ऊपर तीव्र बढोत्तरी दर्शाती है। एक और समान विशिष्टता- बढने से पूर्व न्यूनतम की प्राप्ति- बंकित प्रत्यास्थ अचर के लिए देखा जाता है, जो 2.5 भार % के पालीमर अंश के लिए मात्रा के क्रम में बढता है। इसके विपरीत, स्प्ले प्रत्यास्थ अचर का एकरसीय परिवर्तन होता है, यद्यपि समग्र वृद्धि बंकित प्रत्यास्थ



चित्र. 5.6.1: पालीमर स्थिरीकृत बंकित-क्रोड तरल क्रिस्टल के प्रकाशिक (ए) और परमाण्विक बल (बी) सूक्ष्मदर्शिकी बिम्ब। (सी) पालीमर (वक्रों के सामने अंकों के तौर पर सूचित) के निम्न संकेंद्रणों पर फ्रांक बंकित प्रत्यास्थ अचर के तापीय परिवर्तन जो सम्मिश्रों के कान्वेक्स आचरण को पेश कर रहे हैं ($X \neq 0$).

अचर से तुल्य हो। क्रांतिक संकेंद्रण पर आचरण परिवर्तन स्विचन काल के लिए तथा संबद्ध घूर्णी श्यानता के लिए भी देखा गया है। पालीमर की उपस्थिति बंकित प्रत्यास्थ अचर की तापीय निर्भरता में आकार परिवर्तन भी लाती है। यहाँ देखी गई नई विशिष्टताओं को हम प्रकाशिक तथा परमाण्विक बल सूक्ष्मदर्शिकी से प्राप्त बिम्बों के आधार पर स्पष्ट करते हैं।

जाँचकर्ता: पी.लक्ष्मी माधुरी, उमा एस.हिरेमठ, सी.वी.यलमग्गड, के.प्रिया माधुरी एवं एस.कृष्ण प्रसाद

5.7 केलेमिटिक-बंकित-क्रोड नेमेटिक सम्मिश्रों के अशक्त जेलों में लघुकृत ढलान दृढीकरण

केलेमिटिक तथा बंकित-क्रोड नेमेटिक अणुओं के सम्मिश्र जो नेमेटिक से नेमेटिक-जेल रूपांतरण पर्शाते हैं, की जाँच तापीय, वैद्युत, एक्स किरण तथा यांत्रिक अन्वेषणों से की गई है। फ्रांक प्रत्यास्थआचरण पर केंद्रित करता हुआ अध्ययन आश्चर्यजनक निष्कर्ष प्रकट करता है कि देहलीज वोल्टता का तापीय आचरण एवं आश्रित ढलान प्रत्यास्थ अचर (K11) तापमान क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से भिन्न भिन्न हैं, जिन्हें अशक्त और सशक्त जेलों के तौर

पर पहचाना गया है(चित्र 5.7.1.)। पूर्ववर्ती जेल में, पैरामीटर उच्च तापमान तरल नेमेटिक से पर्याप्त लघुतर मानों को दर्शाते हैं। यह प्रभाव K11 की क्रम पैरामीटर नियंत्रित वृद्धि को रद्द करने के लिए काफी है, और यह विशिष्टता निम्न देहलीज प्रकाशिक युक्तियों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। एक्स आर डी अध्ययन दर्शाते हैं कि जेल का यांत्रिक बल जेल फाइबरों के अनुक्रम की प्रकृति से नियंत्रित हैं:अशक्त जेल में प्लैस्टिक क्रिस्टलैन तथा सशक्त



चित्र 5.7.1 : केलेमिटिक- बंकित क्रोड नेमेटिक सम्मिश्र जलेशन पर न्यूनीकृत तथा तापमान-स्वतंत्र ढलान प्रत्यास्थ अचर को दर्शाते हुए।

जेल में वस्तुत: क्रिस्टलैन। हमारा विचार है कि दो जेल प्रावस्थाओं में विभिन्न प्रत्यास्थ आचरण फाइबरों की प्रकृति के कारण है: दोनों जेलों में वे अनम्य हैं किंतु अशक्त जेल में अंतर-फाइबर परस्पर क्रिया कमजोर है, जिससे ढलान प्रत्यास्थ अचर निम्न हो सकता है। एक्स किरण तथा रियालाजीय डाटा से फाइबरों के अभिलक्षणन को समर्थन मिलता है।

जाँचकर्ता: एस. विमला, गीता जी.नायर, एस.कृष्ण प्रसाद, बी.एन.वीरभद्रस्वामी तथा उमा एस.हिरेमठ

5.8 कोलेस्ट्राल से उत्पन्न अतिआण्विक अ-सममित डाइमर: तापीय, संरचनात्मक तथा वैद्युत गुणधर्मों की जाँच

डाइमरिक अतिआणुओं की श्रृंखला, जिसकी दोनों अंतर- तथा आंतरिक-आण्विक एच-बंध हैं, को 4-(एन-आल्काक्सि)बेंज़ोहैड्रज़ैड, 3,4-बिस (एन-डीसैलाक्सि) बेंज़ोहैड्रज़ैड तथा 3,4,5-ट्रिस(एन-डीसैलाक्सि) बेंज़ोहैड्रज़ैड के साथ कोलेस्टरिल ω-(3-हैड्राक्सि-4-फार्मिलफेन-आक्सि)आल्कनेट के प्रयोग से निर्मित किया गया है। प्रकाशिक सूक्ष्मदर्शिकी के साथ तापीय जाँच (चित्र 5.8.1 (ए) तथा (बी)) एवं एक्स आर डी किरल स्मेक्टिक तरल क्रिस्टलीय प्रावस्थाओं की उपस्थिति को दर्शाती है। किरल स्मेक्टिक सी प्रावस्था में सम्पन्न वैद्युत अध्ययनों ने फेरोवैद्युत अनुक्रिया (चित्र 5.8.1 (सी)) दर्शाया है जहाँ तत्क्षण ध्रुवीकरण की मात्रा 50 nC/cm2 है। ध्रुवीकरण की लघु मात्रा का कारण कोलेस्ट्राल युनिट से अन्य मेसोजेनों की ओर किरालिटि का अशक्त अंतर-आण्विक अंतरण माना जाता है। अमुक परत के अंदर अनम्य आण्विक संबंध भी, जो H-बंध के कारण उत्पन्न है, अनुप्रयुक्त क्षेत्र की कमजोर अनुक्रिया का कारण हो सकता है। अध्ययन का महत्वपूर्ण अंश है, ~ 90 K की व्यापक तापीय श्रेणी पर फेरोवैद्युत प्रावस्था की उपस्थिति है। आगे, सूक्ष्मदर्शिकी बिम्ब दर्शाते हैं कि फेरोवैद्युत प्रावस्था जब समदैशिक तौर पर (चित्र



चित्र 5.8.1: किरल स्मेक्टिक सी प्रावस्था के लिए निम्नों में ध्रुवीकरण सूक्ष्मदर्शिकी बिम्ब (ए) अनकिरलीकरण रेखाओं को दर्शाती समक्षेत्र ज्यामिति (बी) प्रसरित प्रकाश के चुनिंदे प्रतिबिम्ब को दर्शाती समदैशिक ज्यामिति (सी) निम्न के अनुप्रयोग पर किरल स्मेक्टिक सी प्रावस्था में डाइमर के लिए प्राप्त फेरोवैद्युत स्विचन धारा अनुक्रिया (डी) त्रिकोणीय-तरंग क्षेत्र, 40 V, 1 Hz.

5.8.1(बी)) लगाई जाती है, तो अंतर्निवेशित कुण्डलित संरचनाओं की उपस्थिति के कारण दृश्य तरंगदैर्घ्य में प्रकाश को चुनिंदा तौर पर प्रतिबिम्बित करती है। अतएव इन सामग्रियों का प्रकाशिक कोल्लिमेटर, ध्रुवीकरण-परिवर्तक फिल्म आदि जैसी प्रकाशिक युक्तियों में संभाव्य उपयोग।

जाँचकर्ता: उमा एस.हिरेमठ, गीता जी.नायर तथा डी.एस.शंकर राव

5.9 केलेमिटिक-डिस्काटिक सम्मिश्रों में लघु श्रेणी अनुक्रम से प्रवर्तित स्थिरक रूपांतरण

प्रचालन की अपेक्षित तापमान श्रेणी में अंतरापृष्ठों पर नेमेटिक तरल क्रिस्टलों (एन एल सी) का स्थिरीकरण एल सी साधनों के लिए महत्वपूर्ण है। स्थिरक ऊर्जा में परिवर्तन के कारण कुछ मामलों में स्थिरण की दिशा में परिवर्तन



चित्र 5.9.1: मिश्रण में एएनटी का आरेखीय निरूपण जिसने आतिथेय छड सदृश अणु में अतिथि डिस्क आकार का अणु निर्मित किया। ध्रुवीकारक सूक्ष्मदर्शिकी बनावट घटते तापमान के साथ साथ प्रारम्भिक समक्षेत्रीय विन्यास से समदैशिक अभिविन्यास में बदलता है, जिस तापमान पर यह परिवर्तन देखा जाता है, वह स्थिरीकरण रूपांतरण तापमान कहलाता है, व इस बिंदु पर बनावट श्वेत श्यामातर स्केल बनती है। डाटा-बिंदु (भरे वृत्त-लाल) निर्देशक के समक्षेत्रीय/समदैशिक विन्यास में तापमान के न्यूनतम/अधिकतम होने के साथ परावैद्युत अचर (ε) परिवर्तन दर्शाते हैं।

उत्पन्न होता है, जो स्थिरक रूपांतरण (ए एन टी) कहलाता है।

हमने संरचनात्मक तौर पर असमान अणुओं से निर्मित सम्मिश्रों में, जैसे, छड सदृश आतिथेय अणु में डिस्क सदृश डोपंट, नूतन एएनटी का वीक्षण किया है। इस सतह रूपांतरण का कारण माना जाता है, सतह पर समतल स्थिरीकरण के बीच नाजुक परस्पर क्रिया, तथा उपस्तर समायोजक बलों से लगे छड-सदृश अणुओं की सहायता में, एवं डिस्काटिक अणुओं के अभिविन्यास की प्रवृत्ति कि उपस्तर के लम्बवत् अपने लघु अक्ष को रखती हैं। एक्स किरण विवर्तन प्रयोग ने अनावरित किया है कि डिस्काटिक अंश को बढाने से लघु श्रेणी अनुक्रम निर्मित होता है, जो वीक्षित एएनटी का संचालन करता है, जिसका तापमान डिस्काटिक डोपेंट के संकेंद्रण पर तीव्रतया निर्भर है। प्रणाली पर जलस्थैतिक दाब को लगाने पर, लघु दूरी निर्मिति की प्रवृत्ति घट जाती है तथा तापमान परिसर बढाती है, जिस पर समतलीय अभिविन्यास को बनाए रखा जाता है। इन मापनों के कारण हम तापमान-संकेंद्रण तथा तापमान-दाब समक्षेत्र में स्थिरण अंतरण के प्रावस्था आरेख का नक्षा बनाने में सक्षम रहे हैं। यह कार्य इसलिए महत्वपूर्ण है कि स्थिरण अंतरण तथा सहगामी बैरफ्रिंज परिवर्तन का, जैवसंसूचन का सामर्थ्य है।

जाँचकर्ता: श्रीविद्या पार्थसारथी, डी.एस.शंकर राव तथा एस.कृष्ण प्रसाद
सहकर्मी: एच.के.सिंह, बी.सिंह, रसायन विभाग (उन्नत अध्ययन केंद्र), विज्ञान संकाय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

5.10 पाली (ईथाईल अथवा प्रापिल ईथर इमैन) डेंड्राइमरों में समक्षेत्र स्थित व्यवस्थित स्मेक्टिक स्र बनाम स्मेक्टिक A लैमेल्लार संरचनाएँ

प्रत्येक युग्म की परिधियों पर 4 अथवा 8 कोलेस्टरिल एस्टरों से संशोधित पाली (ईथाईल ईथर इमैन) तथा पाली (प्रापिल ईथर इमैन) डेंड्राइमर युग्मों पर, विस्तृत ध्रुवीकरण प्रकाशिक अध्ययन एवं एक्स किरण विवर्तन अध्ययनों को सम्पन्न किया गया है। अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि उनकी परिधियों पर सहसंयोजकता से युग्मित मेसोजेनिक मोइटीसों की संख्या को बिना बदले डेंड्राइमर को गठित करनेवाले संयोजकों के द्वारा जब डेंड्राइटिक क्रोड के आमाप को संशोधित किया जाता है, तो परिवर्तन नजर आता है। प्रथम पीढी का डेंड्राइमर इथर संयोजक समूह के साथ युग्मित होता है और प्रथम एवं द्वितीय पीढी प्रापिल-संयोजक डेंड्राइमरों ने मध्यप्रावस्था में अणुओं की लैमेल्लार व्यवस्था दिखाई, जो केंद्रीय शंखवकार पंखा आकार के विन्यास से समर्थित है व जो उसके स्मेक्टिक ए प्रावस्था के होने की पुष्टि की। ये अणु खुली कुण्डलाकार अथवा लम्बाकार संरचनाओं को चुनती हैं, जिनमें परिधीय कोलेस्टरिल मोइटीस डेंड्राइटिक क्रोड के ऊपर अथवा नीचे रहती हैं। ईथर संयोजन समूह की द्वितीय पीढी डेंड्रैमर जोडी ने निम्न कोण क्षेत्र में बहु शिखर दर्शाई जिसे 2-विमायुक्त आयताकार जाल के साथ सूचीबद्ध किया जा सकता है। वह अध्यारोपित समक्षेत्र व्यवस्थापन युक्त परतदार संरचना को दर्शाता है, जिसकी लम्बाई आयताकार कालम चौडाई के अनुरूप है। इस प्रावस्था को समक्षेत्र व्यवस्थित स्मेक्टिक ए प्रावस्था माना जाता है।



चित्र 5.10.1: एक्स-किरण विवर्तन प्रोफाइल: (ए) 90 °C पर प्रोपिल संयोजक समूह युक्त प्रथम पीढी का लघु कोण एक्स आर डी; (बी) 60 °C पर ईथाईल संयोजक समूह युक्त द्वितीय पीढी डेंड्राइमर। व्यापक कोण क्षेत्र में डाटा इनसेटों में दर्शाया गया है; यह डाटा दो लोरेंट्ज़ियनों (ठोस लाल रेखा) की जोड के समतुल्य था। परवर्ती क्षारीय क्षेत्र के तरल-सदृश अनुक्रम के लिए विशिष्ट मूल्य है, तथा लैमेल्लार तरल क्रिस्टलीय संरचनाओं की आम विशिष्टता है। 0.55 nm अंतराल युक्त निम्नतर कोण शिखर, स्थूल कोलेस्ट्राल यूनिटों के पैकिंग के कारण उत्पन्न हुआ होगा। साथ ही चित्र में Sm A व Sm A_{mod} प्रावस्था में आण्विक व्यवस्थापन को निरूपित करते प्रस्तावित मॉडल दर्शाए गए हैं।

जाँचकर्ता: डी.एस.शंकर राव तथा एस.कृष्ण प्रसाद
सहकर्मी: पी.कुमार तथा एन.जयराम, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलूरु

5.11 हॉकी - छडी आकार के azo सम्मिश्र

चूँकि तरल क्रिस्टलीय सम्मिश्रों में आण्विक शिल्प की महत्वपूर्ण भूमिका है, मेसोजेन का अभिकल्प, जैसे विभिन्न क्रोडों, संयोजन समूहों तथा अंतक प्रतिस्थापियों का चयन, रसायनज्ञ के लिए एक चुनौति है। अतएव, विभिन्न प्रकार के सम्मिश्रों के संरचना-गुणधर्म संबंध का अध्ययन काफी रोचक है।

हमारे साहित्य सर्वेक्षण ने प्रकट किया कि azo प्रतिस्थापित हॅाकी-छडी मध्यजेन की जानकारी कम ही है। ऐसे सम्मिश्र अपने प्रकाश-स्विचन गुणधर्मों के कारण महत्वपूर्ण बनते हैं। अतएव, इस वर्तमान अध्ययन में हमने अनेक azo प्रतिस्थापित हॅाकी-छडी सम्मिश्रों की जाँच विभिन्न प्रकार के संयोजन समूहों के संदर्भ में उनकी संरचना-गुणधर्म संबंध एवं उनके संयोजन की दिशा के अध्ययन के उद्देश्य से की। नए संश्लेषित सम्मिश्रों का अभिलक्षणन रसायनिक स्पेक्ट्रममापी की सहायता से किया गया एवं उनके मध्यआकारिकी गुणधर्मों की जाँच ध्रुवीकरण प्रकाशिक सूक्ष्मदर्शिकी, विभेदी स्कैनिंग कैलोरीमेट्री एवं एक्स-किरण विवर्तन अध्ययनों की मदद से की गई। उन्होंने विभिन्न प्रकार की मध्यप्रावस्थाओं को प्रकट किया, जैसे नेमेटिक, स्मेक्टिक ए, एंटीक्लिनिक स्मेक्टिक सी

(SmC_a), B_1 आदि। दिलचस्प बात है कि, सम्मिश्रों में से एक में, दो पालीमार्फिक आनत स्मेक्टिक प्रावस्थाओं, यथा SmC_s और SmC_a की उपस्थिति देखी गई।

प्रायोगिक प्रेक्षणों से हमने पता किया कि, केवल पाँच फिनाईल वलयों युक्त सम्मिश्र ही मध्यजीनिक हैं। बंकित-क्रोड azo सम्मिश्रों के मामले में हमारे पूर्व के प्रेक्षणों की अपेक्षा, अगर –N=N- संयोजन सीधा केंद्रीय फिनाईल वलय से संयोजित है, तो सम्मिश्र गैर-मध्यजीनिक हैं। हमारी जाँचों से स्पष्ट है कि संयोजन समूहों के विभिन्न प्रकारों की अपेक्षा संयोजन समूहों की दिशा के प्रभाव का प्रधान असर मेसोमार्फिक गुणधर्मों पर पडता है। यह बंकित-क्रोड azo सम्मिश्रों के मामले में हमारे पूर्व के निष्कर्षों के अनुरूप है। दिलचस्प बात है कि, नेमेटिक मध्यप्रावस्थाओं की श्लैरेन बनावट में केवल 2-ब्रश डिस्क्लिनेशन देखे गए तथा इस मध्यप्रावस्था में प्राप्त किया गया डी-मूल्य वास्तविक आण्विक दैर्घ्य से काफी कम था। ज्ञात हुआ कि ये सम्मिश्र प्रकाश-संवेदी हैं।



(ए) SmC_a (122°C) (बी) SmC_s (110°C)

जाँचकर्ता: वीणा प्रसाद, मोनिका एम. तथा नागवेणी एन.जी.

5.12 सालिसैलाल्डिमीन क्रोड से निसृत स्थिर फेरोवैद्युत तरल क्रिस्टल

एनान्शियोमरों के पाँच युग्मों (चित्र 5.12.1ए) के रूप में, दस प्रकाशिक तौर पर सक्रिय मध्यजेनिक सम्मिश्रों को तैयार कर अभिलक्षणित किया गया। आण्विक अभिकल्प में विशेषतया सालिसैलाल्डिमीन-क्रोड को अपनाया गया ताकि फेरोवैद्युत गुणधर्म की साध्यता को अधिकतम बना सके और साथ ही इन नए डाइमरिक नमूनों को ताप एवं आर्द्रता के प्रति प्रतिरोध उपलब्ध करा सके। किरल मध्यजेन जो अनअध्यारोपनीय दर्पण प्रतिबिम्ब हैं, जो एनान्शियोमरों का युग्म रूपित करते हैं, को (*आर*)-आक्टिलाक्सि तथा (*एस*)-आक्टिलाक्सि पृच्छों से व्युत्पन्न किया गया। दूसरे छोर पर प्रतिस्थापित *n*-अल्काक्सि कडी की लम्बाई को *n*-आक्टिलाक्सि से *n*-डोडीसैलाक्सि में परिवर्तित किया गया है। इस परिवर्तन का प्रभाव मध्यजेनों के शोधन तापमानों पर पडता है; यथा, N*-I (शोधन) पारगमन तापमान अंतक पृच्छ की लम्बाई में वृद्धि के साथ घटता है; इस आचरण की व्याख्या अंतक पृच्छ की

लम्बाई में वृद्धि के साथ वर्धित आण्विक सुनम्यता के तौर पर किया जा सकता है। सभी मध्यजेन BP, N* तथा SmC* प्रावस्थाओं को प्रकट करते हुए एकसमान आचरण करते हैं, जिसका आशय है कि *n*-अल्काक्सि पृच्छ की लम्बाई में परिवर्तन का उनके एलसी आचरण पर कोई महत्वपूर्ण असर नहीं है। *n*-अल्काक्सि पृच्छ की लम्बाई को बढाने पर SmC* प्रावस्था की तापीय चौडाई बढती है। उल्लेखनीय तौर पर, SmC* प्रावस्था उच्च ध्रुवीकरण मूल्य (चित्र 5.12.1 बी-सी) युक्त फेरोवैद्युत स्विचन को प्रकट करती है। वृत्तीय डाईक्रोइस्म अध्ययन, N* तथा SmC* प्रावस्थाओं की कुण्डलीदार संरचना को पुष्ट करने के अलावा, प्रावस्था अंतरण के दौरान कुण्डली-चेतना के व्युत्क्रमण को प्रकट करने का काम करता है।



चित्र 5.12.1: संश्लेषित दस फेरोवैद्युत एलसी की आण्विक संरचनाएँ; (बी) SmC प्रावस्था पर त्रिकोणाकार-तरंग क्षेत्र (ई) के अनुप्रयोग पर प्राप्त धारा अनुक्रिया शिखर; (सी) वैद्युत क्षेत्र के अनुप्रयोग पर SmC* प्रावस्था के कुण्डल के अनलपेटन का आरेखीय निरूपण।*

जाँचकर्ता: बी.एन.वीरभद्रस्वामी, डी.एस.शंकर राव तथा सी.वी.यलमग्गड

5.13 सैआनोबाईफिनाईल-आधारित डाइमर सदृश मेसोजेनों में संरचना-गुणधर्म सहसंबंध

डाइमर-सदृश मेसोजेनों के परिवार की पाँच श्रृंखलाओं का संश्लेषण कर (चित्र 5.13.1ए) अभिलक्षणन किया गया। उनमें विभिन्न लम्बाई तथा समानता के सुनम्य (ओलिगोमीथाईलीन) अंतरक के द्वारा सहसंयोजकता से अंतरसंयोजित सैआनोबाईफिनाईल(मेसोजेनिक) तथा *N*-(*n*-आल्किल) सालिसैलाल्डिमीन (गैर-मेसोजेनिक) क्रोड निहित हैं। इन नई सामग्रियों के तापीय आचरण का अध्ययन ध्रुवीकृत प्रकाश सूक्ष्मदर्शिकी, विभेदी स्कैनिंग कैलोरीमेट्री तथा पाउडर एक्स-किरण विवर्तन की मदद से प्रधानतया किया गया। सम-कार्बन अंतरक युक्त मेसोजेन एनान्शियोट्रोपिक नेमेटिक (एन) और/अथवा स्मेक्टिक ए (SmA) प्रावस्था आचरण को प्रकट करते हैं। इसके विपरीत, दो कडियों के विषम-अंतरक युक्त सम्मिश्र कुछ मोटिफों को छोडकर, जो मध्यआकारिकी को प्रकट नहीं करते, मितस्थायी नेमेटिक प्रावस्था को प्रकट करते हैं। उल्लेखनीय तौर पर, आक्सिआक्टिलाक्सि-नानिलाक्सि तथा आक्सिडीसाईलाक्सि-नानिलाक्सि अंतरक-टर्मिनल कडी क्रमचय वाहक, दो सम-अंतरक मेसोजेनों ने, अंतर अंकीकृत स्मेक्टिक ए(SmA_d) के नीचे पुन:प्रवेशी नेमेटिक (N_{re}) प्रावस्था को दर्शाया, जो उच्च-तापमान नेमेटिक प्रावस्था के नीचे घटित होती है; अर्थात् इन सामग्रियों ने N-SmA_d-N_{re} प्रावस्था अनुक्रम दर्शाया (चित्र 5.13.1बी)। यह आचरण इस तथ्य के पूर्ण अनुरूप है कि प्रावस्था अनुक्रम विशेषतया सशक्त ध्रुवीय (-CN) समूह युक्त

मेसोजेनों द्वारा प्रकट किया गया है। इस आंशिक रूप से द्विपरतीय SmA (SmA_d) प्रावस्था का निर्माण, जहाँ परत अंतरण *(डी)* आण्विक दैर्घ्य से अधिक है, स्पष्टतया एक्सआरडी अध्ययनों से देखा गया है। N_{re} तथा SmA_d प्रावस्थाओं के निर्माण का मुख्य कारण प्रतिसमानांतर रीति से आण्विक युग्म का स्व-सम्मुच्चय हो सकता है, ताकि द्विध्रुवीय ऊर्जा योगदान को अल्पतम रख सके। महत्वपूर्ण तौर पर, जब अंतरक की समता को बदला जाता है तो, ये डाइमर सदृश मोतिफ स्पष्ट सम-विषम प्रभाव दर्शाते हैं, जो अंतरक की लम्बाई को बढाने पर बढते हैं। यह बताना अनावश्यक है कि सम्मिश्रों की वर्तमान श्रृंखला तरल क्रिस्टल डाइमरों-सा बर्ताव करती है और अत: इस दृष्टिकोण को पुष्ट करते हैं कि उन्हें एलसी डाइमरों के लिए संरचनात्मक प्रीकर्सर ही नहीं माना जा सकता, किंतु वे एलसी मोनोमरों एवं डाइमरों के बीच की रिक्ति के लिए सेतु का काम करते हैं।



चित्र 5.13.1: डाइमर-सदृश एलसी की आण्विक संरचनाएँ तैयार; (बी) N-SmA_d-N_{re} प्रावस्था अनुक्रम का आरेखीय निरूपण

जाँचकर्ता: रश्मि प्रभु तथा सी.वी.यलमग्गड

5.14 धातु/ZnO/Pt युक्ति में प्रतिरोधी स्विचन के कालप्रभावन के असर

$Pt/TiO_2/SiO_2/Si$ पर RF मैग्नेट्रान स्पट्टरिंग का उपयोग कर ZnO पतली फिल्म का निक्षेपण किया गया। Ag/ZnO/Pt की युक्ति के लिए, शीर्ष सम्पर्क चालक रजत (Ag) चूर्ण से किया गया। स्विचन अभिलक्षणों को शीर्ष Ag सम्पर्क का बयास कर तथा नीचे की बिंदु को भूसम्पर्कित कर सम्पन्न किया गया। ZnO फिल्म पर नए शीर्ष सम्पर्क को लेकर कोई स्विचन आचरण नहीं देखा गया; *I-V* वक्र अरैखिक अर्धचालक आचरण दर्शाते हैं। हमने साधन को प्रयोगशाला परिसर में रखकर नियमित अंतरालों पर स्विचन आचरण का अध्ययन किया। दिलचस्प तौर पर, छठे दिन पर, हमने अनेक आवर्तनों के लिए स्थायी स्विचन सहित प्रतिरोधी स्विचन आचरण देखा। वही प्रतिरोधी स्विचन अभिलक्षण आठवें दिन तक पुन:उत्पन्न हो रहे थे। उल्लेखनीय तौर पर, आठवें दिन पर हमारे Ag/ZnO/Pt साधन के स्विचन अभिलक्षण 59 आवर्तनों के बाद बदले। निम्न प्रतिरोध एवं उच्च प्रतिरोध का अनुपात घटा है तथा स्विचन वोल्टता भी 0.5 V के ऊपर बढी। परवर्ती आचरण 20 दिनों तक चला। 21 वें दिन, हमने पूर्णतया रैखिक *I-V* वक्रों को, अनेक चक्रों तक, बिना स्विचन के देखा। यद्यपि स्विचन के प्रकटन तथा अप्रकटन के दिनों में अंतर थे, हम तत्समान कालप्रभावन असर को Ag तथा Al शीर्ष सम्पर्कों युक्त अनेक साधनों

में पुनरुत्पन्न कर सके। तथापि, प्रतिरोधी स्विचन वक्रों के लिए चालन आचरण ओमिक स्वभाव दर्शाता है, जो ZnO फिल्म के पार Ag तथा Pt इलेक्ट्रोडों के बीच तंतुमय चालन को सूचित करता है। हमारी ZnO फिल्मों की प्रकाशप्रतिदीप्ति दोषपूर्ण अवस्थाओं के कारण प्रबल दृश्य उत्सर्जन दिखाती है। अतएव, हमारा विश्वास है कि समय के साथ साथ Ag अंतरापृष्ठ पर AgO_x बनता है एवं AgO_x/ZnO प्राय: प्रतिरोधी स्विचन दिखाता है। कालक्रमेण, AgO_x का आक्सीजन ZnO त्रुटियों में प्रसरित होता है अथवा वातावरण में विमोचित होता है। अंतत:, प्रतिरोधी स्विचन गायब होता है तथा साधन ZnO की वर्धित दोष चालकता के कारण रैखिक *I-V* दर्शाता है।



चित्र 5.14.1: कालप्रभावन असर दर्शाता Ag/ZnO/Pt साधन के *I-V* अभिलक्षणन

जाँचकर्ता: नागय्या कम्भला तथा एस.अंगप्पने

5.15 Ba तथा Sm सह-डोपित $BiFe\ O_3$ के बहुफेराइक गुणधर्म

Ba तथा Sm डोपित $BiFe\ O_3$ पतली फिल्मों तथा नैनो कणों का संश्लेषण रसायनिक पद्धति से किया गया एवं



चित्र 5.15.1: अडोपित चुम्बकीकरण तथा Ba एवं Sm सहडोपित $BiFeO_3$ का चुम्बकीकरण

उनके संरचनात्मक और चुम्बकीय गुणधर्मों का अध्ययन किया गया। निर्मित पतली फिल्में एवं नैनो कणों ने रोम्बोहेड्रल संरचना दर्शाई। उल्लेखनीय तौर पर, Ba तथा Sm डोपित $BiFe\ O_3$ पतली फिल्म अडोपित $BiFe\ O_3$ पतली फिल्म की तुलना में एकल कला आचरण दर्शाती हैं। अडोपित $BiFe\ O_3$ पतली फिल्म की तुलना में $Bi_{0.9}Ba_{0.05}Sm_{0.05}FeO_3$ फिल्म उच्च चुम्बकीकरण तथा उच्चतर अवशेषी चुम्बकीकरण एवं निग्रह क्षेत्र दर्शाती है। उल्लेखनीय तौर पर, $Bi_{0.9}Ba_{0.1}FeO_3$ नैनोकणों के निग्रही क्षेत्र 10K के लिए 10 Oe तथा 300 K के लिए 50 Oe दर्शा रहा है। नैनो कणों में देखा गया निम्न निग्रह $Bi_{0.9}Ba_{0.1}FeO_3$ तथा $Bi_{0.9}Ba_{0.1}FeO_3$ नैनो चूर्णों के आमाप असर के कारण हो सकता है।

जाँचकर्ता: नागय्या कम्भला तथा एस.अंगप्पने

5.16 NiO नैनोकणों के संश्लेषण तथा चुम्बक गुणधर्म

हमने निक्कल एसिटेट तथा PVAc घोल के मिश्रण को 1:4 के अनुपात में 3 घंटों के लिए कक्ष तापमान पर हिलाते हुए तथा 450°C पर गरम करते हुए 50nm आमाप के पूरे प्रसरित NiO नैनोकणों को संश्लेषित किया है। हमने संश्लेषित NiO नैनोकणों के संरचनात्मक, सतह आकारिकी, प्रकाशिक, रामन स्पेक्ट्रोस्कोपी एवं चुम्बकीय गुणधर्मों का अध्ययन किया है। संश्लेषित NiO नैनोकण अग्रभाग केंद्रित घन संरचना को प्रकट करते हैं। NiO नैनोकणों की प्रकाशिक बैण्ड रिक्ति 2.72 eV माना गया। कक्ष तापमान रामन स्पेक्ट्रा ने 2M बैण्ड की अनुपस्थिति दिखाई, जो



चित्र 5.16.1: NiO नैनोकणों के एफ ई एस ई एम बिम्ब. 10 K पर विभिन्न शीतलन क्षेत्रों युक्त NiO नैनोकणों के M-H डाटा।

NiO नैनोकणों के कक्ष तापमान फेरोचुम्बकत्व का सुझाव करता है, क्योंकि चक्रण का कोई सशक्त एएफएम सहसंबंध नहीं है। निग्रह क्षेत्र 62 Oe विशुद्ध NiO नैनोकणों में कक्ष तापमान फेरोचुम्बकत्व देखा गया। हमने M-H लूप को ऋणात्मक क्षेत्र अक्ष की ओर, अर्थात्, हमारे NiO नैनोकणों में विनिमय बयास असर अंतरित होते देखा है।

यह हमारे NiO नैनोकणों की प्रतिफेरोचुम्बक एवं फेरोचुम्बक क्रोड/आवरण संरचना को पुष्ट करता है। आगे, हम चुम्बकप्रतिरोध अनुप्रयोगों की दिशा में इन नैनोकणों के प्रयोग में, चुम्बकप्रतिरोध के अध्ययन हेतु नैनोकणों को बृहत् पेल्लेट अथवा फिल्मों में व्यवस्थित करने का प्रयास करते हैं।

जाँचकर्ता: इंदुकुरु रमेश रेड्डी, नागय्या कम्भला तथा एस.अंगप्पने

5.17 निकल आक्टाबूटाक्सि प्थालोसाइनिन की पतली लैंग्म्यूर-ब्लाडगेट्ट फिल्मों का तापीय अनीलन

निक्कल(II)1,4,8,11,15,18,22,25-आक्टाबूटाक्सि-29H,31H-फ्थालोसाइनिन (NiPc(OBu)$_8$) की पतली लैंग्म्यूर-ब्लाडगेट्ट (एलबी) फिल्मों को स्व-सम्मुच्चयित एकलपरत से लेपित SiO_2/Si अवस्तर पर अंतरित किया



चित्र 5.17.1: एएफएम के द्वारा उपलब्ध किए गए निकल आक्टाबूटाक्सि प्थालोसाइनिन (60 परत) की लैंग्म्यूर-ब्लाडगेट्ट फिल्मों के स्थलाकृतिक बिम्ब। LB फिल्मों के अनीलन के फलस्वरूप दानेदार आकारिकी (निक्षेपित फिल्म के तौर पर) लम्बे सपाट क्रिस्टलाइट में परिवर्तित होती है।

जाता है तथा रगडते इन्सिडेन्स एक्स-किरण विवर्तन एवं परमाण्विक बल सूक्ष्मदर्शिकी (एएफएम) तकनीकों से अभिलक्षणित किया जाता है। as- निक्षेपित एलबी फिल्म पर एक्स-किरण अध्ययन ब्रैग शिखर को प्रकट करते हुए पतली फिल्म क्रिस्टलिनिटि को सूचित करते हैं। 373 K तक के अनीलन के फलस्वरूप लैटिस अंतराल घटता है, जो यूनिट सेल के अंदर आण्विक पैकिंग में परिवर्तन को सूचित करता है। एक अतिरिक्त ब्रैग शिखर देखा जाता है, जो 373 और 423 K के बीच सहअस्तित्व रखते हुए पूर्ववर्ती की जगह पर बढता है। 2.07 से 1.51 nm के लैटिस अंतराल में असतता से क्रिस्टलीय लैटिस के संरचनात्मक परिवर्तन के लिए सबूत प्राप्त किया जाता है। परिणामस्वरूप, एएफएम की मदद से प्राप्त सतह आकारिकी गोलीय कणों से लम्बे, सपाट क्रिस्टलाइटों में क्रमिक रूपांतरण को प्रकट करती है, जो असममित वृद्धि प्रक्रिया को निरूपित करती है। बिम्बों के सांख्यिकीय अध्ययन इन दावों का समर्थन करते हैं (आंशिक विमा तथा गोलाई)। इन अध्ययनों से फ्थलोसाइनिन की पतली एल बी फिल्मों में तापीय अनीलन के द्वारा मेटा-स्थाई से स्थाई पालीमार्फो में रूपांतरण के बारे में उपयोगी जानकारी उपलब्ध होती हैं।

जाँचकर्ता: टी.शिल्पा हरीश तथा पी.विश्वनाथ

5.18 वायु-जल अंतरपृष्ठ पर अर्ध क्रिस्टलीय फेरोवैद्युत सहपालीमर का विस्तरणीय रियालजी

पाली (विनाईलिडीन फ्लूराइड-ट्राईफ्लूरोईथाइलीन) (70:30) फेरोवैद्युत सहपालीमर का एक महत्वपूर्ण सदस्य है, जिसका उपयोग सुनम्य युक्तियों में होता है। हमने विभिन्न सतह दाबों, तापमानों एवं आवृत्तियों के अधीन दोलनकारी अवरोध तकनीक के प्रयोग से वायु-जल अंतपृष्ठ पर पालीमर की विस्तरणीय रियालजी अनुक्रिया की जाँच की है। पालीमर के ज्यावक्रीय प्रतिबल तथा श्रांति आचरण का विश्लेषण फौरियर रूपांतरण एवं लिस्साजौ वक्र पद्धति से किया जाता है। श्रांति प्रभाव क्षेत्र अध्ययन दृढीकरण के लिए सबूत उपलब्ध करते हैं। लघु श्रांति तथा नियत कोणीय आवृत्ति के लिए, तापमान के साथ पढे गए विस्तरणीय माड्युलै स्पष्ट असतता दर्शाते हैं, जो क्रम-अक्रम परिवर्तन की ओर इंगित करते हैं। ऐसा आचरण संपीडन विस्तरण चक्रों के लिए लिस्साजौस वक्रों के प्रयोग से प्राप्त अरैखिक प्राचलों में भी देखा जा सकता है।



चित्र 5.18.1: वायु-जल अंतरपृष्ठ पर दोलन अवरोध तकनीक की मदद से PVDF-TrFE सहपालीमर के विस्तरणीय रियालजी अध्ययन। तापमान प्रभाव क्षेत्र अध्ययन स्पष्ट असतता को दर्शाते हैं तथा माड्युलै के ढलान में परिवर्तन 298 K पर क्रम-अक्रम प्रावस्था अंतरण का सुझाव पेश करते हैं।

जाँचकर्ता: चंदन कुमार तथा पी.विश्वनाथ

5.19 न्यूनीकृत ग्रफीन आक्साइड आधारित धातु आक्साइड नैनोकण संकर फिल्मों का संश्लेषण तथा पुन:प्रयोज्य एसईआरएस उपस्तरों के तौर पर उनका अनुप्रयोग

ग्रफीन व न्यूनीकृत ग्रफीन आक्साइड(rGO) का व्यापक प्रयोग, उनके उच्च सतह क्षेत्र तथा इलेक्ट्रान विस्थानीकरण के कारण विभिन्न धातु एवं धातु आक्साइड नैनोसंरचनाओं को जोडने के लिए मंच के तौर पर किया जाता है, ताकि अनोखे गुणधर्मों युक्त प्रकार्यात्मक सामग्रियों को तैयार किया जा सके। मुक्त अस्तित्व युक्त rGO की पतली फिल्मों को ZnO, CuO तथा SnO_2 नैनोसंरचनाओं के साथ जल/टोल्यून अंतरपृष्ठ पर प्रीकर्सरों और स्व-सम्मुच्चय की सरल अंतरपृष्ठीय अनुक्रिया के द्वारा उपलब्ध किया गया है। इस पद्धति को rGO आधारित धातु आक्साइड फिल्मों के निर्माण में आम मार्ग के तौर पर अपनाया जा सकता है। संरचना, प्रकाशिक गुणधर्म एवं आकारिकी का अध्ययन एक्स-किरण विवर्तन, यूवी-दृश्य अवशोष स्पेक्ट्रा, प्रकाशप्रतिदीप्ति एवं उच्च विभेदन

इलेक्ट्रान सूक्ष्मदर्शिकी की मदद से किया जाता है। rGO-ZnO, rGO-CuO तथा rGO-SnO_2 फिल्म अनोखी आकारिकी को प्रकट करते हैं, जैसे क्रमश: षट्कोणीय सिलिंडर, लम्बे खमाची, एवं गेंद, जो rGO सतहों में लपेटे हों। rGO-धातु आक्साइड नैनोसंरचनाएँ बढे सतह दर्शाते हैं।



चित्र 5.19.1: SERS उपस्तरों के तौर पर rGO-Ag-ZnO फिल्म

रोडमिन 6G रंजक का रामन प्रकीर्णन (एसईआरएस) प्रभाव, जो रंजक, धातु आक्साइड एवं rGO के बीच चार्ज अंतरण, rGO द्वारा प्रतिदीप्ति शमन और रंजक आण्विक अनुनाद के एकत्रित प्रभाव से निर्मित है। वृद्धि गुणक निम्न क्रम का अनुसरण करता है rGO-CuO> rGO-ZnO>rGO-SnO_2। Ag नैनोकण डोपित rGO-ZnO फिल्मों को प्राप्त करने के लिए, धातु सतह प्लास्मा के वैद्युतचुम्बकीय प्रभाव का लाभ उठाते हुए, अनुक्रिया पद्धति में Ag^+ आयनों के अति कम संकेंद्रण को पेश करते हुए एसईआरएस वृद्धि को और सुधरा जाता है। rGO-Ag-ZnO संकर फिल्म 10^4 के वृद्धि गुणक सहित 10 μM रंजक तक की उच्चतर संसूजन सुग्राहिता प्रकट करती हैं। rGO आधारित धातु आक्साइड संकरों एवं धातु नैनोकण डोपित संकरों से प्राप्त किए गए उच्चतर प्रकाशअवह्रास दर से प्रयुक्त एसईआरएस उपस्तर का पुनरुत्पादन संभव बनता है। संकर फिल्मों के पुनरुपयोग का दृष्टांत यूवी विकिरण तथा भिन्न रंजक का एसईआरएस अभिलेखन, पुनर्नवीकृत उपस्तर पर अधिशोषित मीथाईलीन ब्लू द्वारा रोडियम 6G के अवह्रास से प्राप्त होता है (चित्र 5.19.1)।

जाँचकर्ता: के.ब्रह्मय्या तथा नीना एस.जान
सहकर्मी : सी.कविता, बीएमएसआईटी, बेंगलूरु तथा वी.एन.सिंह, एनपीएल, नई दिल्ली

5.20 rGO आधारित Fe_2O_3 नैनोकणों का संश्लेषण और चुम्बकीय गुणधर्म

कार्बन नैनोसामग्रियों सहित आयरन आक्साइड नैनोसंरचनाओं के सम्मिश्रों का ऊर्जा परिवर्तन एवं प्रदूषक अवह्रास के संदर्भ में वरिष्ठ गुणधर्म पाए गए हैं। वर्तमान अध्ययन में, γ-Fe_2O_3 नैनोकणों युक्त rGO की पतली फिल्मों एवं प्रकीर्णनों के संश्लेषण की रिपोर्ट पेश करते हैं। प्रकीर्णनों को पाने के लिए सोडियम सिट्रेट की उपस्थिति में सरल

जल-अपघटन सम्पन्न किया जाता है एवं सम्मिश्र की पतली फिल्मों को पाने के लिए तरल/तरल अंतरपृष्ठ का लाभ उठाया जाता है। rGO पर प्रकीर्णन तथा γ-Fe_2O_3 की गोलीय व छड आकारिकियों की पतली फिल्मों के चुम्बक गुणधर्मों का तुलनात्मक अध्ययन सम्पन्न किया गया। कक्ष तापमान पर चुम्बकीकरण (M) बनाम चुम्बकीय क्षेत्र (H) हिस्टरिसिस लूप रहित S वक्र दर्शाता है और सम्मिश्रों के अनुचुम्बकीय स्वभाव को सूचित करता है (चित्र 5.20.1)। सम्मिश्र, rGO-γFe_2O_3 का संतृप्ति चुम्बकीकरण (Ms) खाली γFe_2O_3 से निम्नतर है, प्राय: नैनोकण चक्रण का rGO के चक्रण के साथ युग्मन से उत्पन्न हुआ होगा। फिल्मों के मामले में, Ms प्रकीर्णनों से भी काफी निम्नतर है तथा γFe_2O_3 के साथ αFe_2O_3 प्रावस्था (प्रतिफेरोचुम्बकीय) की उपस्थिति के साथ संबद्ध है, जो XRD से निसृत है। क्षेत्र शीतलित तथा शून्य-क्षेत्र वक्र अवरोधक तापमान तथा सशक्त द्विध्रुवीय परस्परक्रिया युक्त व्यापक कण आमाप वितरण को सूचित करते हैं।



चित्र 5.20.1: γFe_2O_3 और rGO-γFe_2O_3 प्रकीर्णनों का M-H वक्र

जाँचकर्ता: के.ब्रह्मय्या, नीना एस.जान तथा एस.अंगप्पने

5.21 ZnO नैनोकणों की अति-पतली फिल्मों में नैनोअनुमाप प्रकाशधारा वितरण तथा rGO के साथ उसका संकर

बृहत् साधन अभिलक्षणन नैनोसंरचित पतली फिल्मों से मध्यम प्रकाशअनुक्रिया उपलब्ध कराते हैं तथा नैनोअनुमाप विशिष्टताओं से संबद्ध योगदान चुनौतिपूर्ण है। तथापि, नैनो अनुमाप पर प्रकाशधारा जनन का अंतरपृष्ठीय इलंक्ट्रान परिवहन तथा समरूपता को समझना अति आवश्यक है। इस अध्ययन में, यूवी विकिरण के अधीन नैनो अनुमाप पर तरल/तरल अंतरपृष्ठ विधा द्वारा उपलब्ध किए गए ZnO तथा rGO-Zno फिल्मों का अन्वेषण चालक परमाण्विक बल सूक्ष्मदर्शिकी (C-AFM) की मदद से किया जाता है तथा बृहत् वैद्युत मापनों के साथ तुलना की जाती है। धातु इलेक्ट्रोड युक्त खाली ZnO में देखे गए शाट्टकि जंक्शन की अपेक्षा rGO-ZnO अंतरपृष्ठ पर, ओमिक सम्पर्क प्राप्त किया जाता है। प्रकाशधारा में वृद्धि दोनों मामलों में देखी जाती है एवं C-AFM द्वारा प्रकाश अनुक्रिया अनुरेखण नैनो अनुमाप पर असमरूप धारा वितरण को अनावरित करती है, जो फिल्म में विभिन्न नैनोसंरचनाओं के साथ संबद्ध है (चित्र 5.21.1)। खाली ZnO में जबकि नैनोसंरचनाओं का छोटा अंश उच्चतर

प्रकाशधाराओं को उत्पन्न करता है, अधिकांश प्रकाशअनुक्रियात्मक ZnO नैनोसंरचनाएँ rGO-ZnO में उच्च प्रकाशअनुक्रिया उपलब्ध कराती हैं। इस नैनोअनुमाप वैद्युत अध्ययन से बृहत् वैद्युत गुणधर्मों की ओर पृथक नैनोसंरचनाओं का, स्थानीय धारा योगदान की दिशा में जानकारी प्राप्त होती है एवं प्रकाशवोल्टीय साधन निष्पादनों को समझने में मदद प्राप्त होती है।



चित्र 5.21.1. (ए) C-AFM सेटअप का निरूपण; (बी) UV-चालू अवस्था में 0.6 V नमूना बयास पर ZnO NP फिल्म का धारा बिम्ब (सी) current image of rGO-ZnO NP film at 0.1 V in UV-चालू अवस्था में 0.1 V पर rGO-ZnO NP फिल्म का धारा बिम्ब; धारा रेखाचित्र नीचे दिए गए हैं।

जाँचकर्ता: के. प्रिया माधुरी, के.ब्रह्मय्या तथा नीना एस.जान

5.22 असमक्षेत्रीय धात्विक-प्थालोसाइनीन फिल्मों में नैनोअनुमाप चालकत्व: आण्विक पैकिंग का प्रभाव

धात्विक-प्थालोसाइनीन(MPcs) समन्वयित धातु आयनों में से विस-एनआईआर क्षेत्र में उच्च प्रकाशिक अवशोषण, अस्थानीयकृत π इलेक्ट्रान पद्धति तथा समस्वरणीय गुणधर्मों युक्त कार्बनिक पदार्थों के महत्वपूर्ण वर्ग को सूचित करते हैं। असमक्षेत्रीय MPcs, जैसे PbPc तथा SnPc के धातु आयन Pc समक्षेत्रों से बाहर प्रक्षेपित होते हैं। वे विभिन्न बहुआकारिकी में, विशेषतया, मानोक्लिनिक तथा ट्राईक्लिनिक रूपों में क्रिस्टलित होते हैं ।



चित्र 5.22.1: विभिन्न उपस्तरों पर PbPC फिल्मों का XRD तथा संभाव्य क्रिस्टलीय पैकिंग का आरेख।

हम विभिन्न उपस्तरों पर निर्वात वाष्पीकरण के द्वारा MPcs की पतली फिल्मों का निर्माण कर पाए हैं। ध्यान देने योग्य है कि, उच्चतया अभिविन्यस्त पैरोलिटिक ग्रेफाइट (HOPG) तथा अन्य उपस्तरों जैसे, Si, क्वाट्र्ज़ एवं Au/ अबरक पर आण्विक पैकिंग व अतएव क्रिस्टलाइट प्रावस्था अलग हैं (चित्र 5.22.1)। HOPG पर PbPc तथा SnPc मोनोक्लिनिक प्रावस्था को चुनते हैं, जहाँ Pc वलय फेस-आन व्यवस्था को अपनाते हैं, तथा ट्रैक्लिनिक अन्य उपस्तरों पर, जहाँ अणुएँ आनत व्यवस्था को अपनाती हैं। Au/ अबरक उपस्तर पर, विशाल शिखर मोनोक्लिनिक तथा ट्रैक्लिनिक प्रावस्थाओं को सूचित करते हैं। कार्बनों के sp^2 संकरीकृत षट्कोणीय नेटवर्क युक्त HOPG सतह पर, PbPc अथवा SnPc की फेस-आन व्यवस्था बेहतर है, क्योंकि वह Pc वलयों एवं ग्रेफाइट सतह के बीच π-π परस्पर क्रिया को अधिकतम बनाता है। अन्य उपस्तरों के मामले में, फेस-आन व्यवस्था और आनत व्यवस्थाएँ घटित हो सकती हैं, फलस्वरूप उच्चतर ट्रैक्लिनिक खंड देखा जा सकता है। तदनुसार, अन्य उपस्तरों की तुलना में HOPG पर असमक्षेत्रीय MPcs के ऊर्ध्वाधर परिवहन में वृद्धि देखी जाती है। नैनोअनुमाप धारा परिवहन तथा विषमांगत्व का कारण जानने के लिए C-AFM धारा बिम्बों का विश्लेषण किया जाता है (चित्र 5.22.2)।



चित्र 5.22.2: विभिन्न उपस्तरों पर PbPc फिल्मों के धारा बिम्ब

जाँचकर्ता: के. प्रिया माधुरी तथा नीना एस.जान

5.23 वायु-ठोस अंतरपृष्ठ पर तरल क्रिस्टलीय ट्राईफिनाईलीन पालीमर एकल परत में चार्ज परिवहन

हमने वायु-जल अंतरपृष्ठ पर 2,6-डाईहैड्राक्सि-3,7,10,11-टेट्राल्काक्सि-ट्राईफिनाईलीन (PHAT) से निसृत नूतन तरल क्रिस्टलीय पालीमर के एकलपरत को तैयार किया है। इलेक्ट्रान सम्पन्न ट्रैफिनाईलीन मोइटीस से निर्मित सामग्री A-W अंतरपृष्ठ पर स्थाई एकलपरत निर्मित करती है तथा L_1 प्रावस्था को प्रकट करती है। BAM बिम्ब A-W अंतरपृष्ठ पर एकलपरत द्वारा प्रकट की गई L_1 प्रावस्था को पुष्ट करती है। एकलपरत को लैंगम्यूर-ब्लाडगेट्ट (L-B) तकनीक द्वारा अबरक तथा स्वर्ण लेपित अबरक उपस्तरों पर अंतरित किया गया। L-B एकलपरत के लिए AFM बिम्बों से प्राप्त ऊँचाई रेखाचित्र 1.5nm मूल्य दर्शाता है, यह सूचित करते हुए कि दोनों अबरक तथा स्वर्ण लेपित अबरक उपस्तरों पर विन्यास में ट्राईफिनाईलीन मोइटीस लगे हुए हैं। PHAT एकलपरत के लिए आण्विक माडल चित्र 5.23.1 में दर्शाया गया है। PHAT पर यूवी-दृश्य स्पेक्ट्रोस्कोपी मापन से HOMO-LUMO अंतराल

का मूल्य मिलता है, जो E_g 3.66 eV है। PHAT एकलपरत पर वैद्युत मापन CSAFM की मदद से सम्पन्न किए गए। स्वर्ण लेपित अबरक उपस्तर -PHAT एकलपरत- CSAFM की चालक नोक M-I-M जंक्शन रूपित करते हैं। M-I-M जंक्शन के लिए सिम्मन्स विधा पर आधारित धारा (I)- वोल्टता (V) डाटा के हमारे विश्लेषण से आशय प्रकट होता है कि जंक्शन के द्वारा वैद्युत चालकत्व सीधा सुरंगन क्रियाविधि द्वारा चार्ज परिवहन के कारण था। अनुमान लगाया गया कि नोक तथा एकलपरत A_c के बीच का प्रभावी वैद्युत सम्पर्क क्षेत्र 2.6 nm^2 था। अवरोध ऊँचाई (φ) तथा इलेक्ट्रान के प्रभावी द्रव्यमान (m*) का अनुमान I-V वक्र फिट्टिंग से लगाया गया। चित्र 5.23.2 PHAT एकलपरत के I–V अभिलक्षणों को दिखाता है। इनसेट में दर्शाया गया है: (ए) dI/dV का विचरण I के फलन के तौर पर यह सूचित करते हुए कि सुरंगन चार्ज परिवहन क्रियाविधि है, (बी) $\ln(I/V^2)$ का विचरण 1/V के फलन के तौर पर, सीधा सुरंगन का सबूत पेश करते हुए। अनुमान लगाया गया कि φ का मूल्य 1.22±0.02 eV है तथा m* का (0.01±0.003)m_e है।



चित्र 5.23.1 : PHAT
एकलपरत के लिए आण्विक माडल



चित्र 5.23.2: PHAT
एकलपरत के लिए I-V अभिलक्षण

